उत्तर प्रदेश में होता है 2 नवंबर

एस डी मेमोरियल हास्पिटल श्री सियाराम सेवा ट्रस्ट के द्वारा कृषि महाविद्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन

केपीपीएन बृजेंद्र कुमार

बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एस डी मेमोरियल हॉस्पिटल छठामील, सीतापुर रोड, लखनऊ एवं श्री सियाराम सेवा ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से डॉ पी के यादव द्वारा शुगर, कमर दर्द, घुटने दर्द, हाइपरएसिडिटी,चर्म रोग, थायराइड लिकोरिया एवं दांतों के इलाज की जानकारी दी गई तथा पीड़ितों को उचित सलाह देकर दवाइयां वितरित की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गजेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं द्वारा समय–समय पर मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं। श्री सियाराम सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक श्री किशनजी लोधी ने बताया कि मेडिकल कैंप के माध्यम से गरीब– निराश्रित लोगों को संस्था मुफ्त में दवाइयां वितरित करती है। कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कैंप का आयोजन कृषि प्रसार विभाग द्वारा किया गया इसमें प्रो योगेश कुमार शर्मा, डॉ केडी सिंह सहित 170 से अधिक क्षेत्र वासियों, छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी जांच कराई तथा जरूरतमंदों को दवाइयां भी वितरित की गई। शीघ्र ही महाविद्यालय में आई कैंप लगाया जाएगा।